फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :– श्री गोपाल लाल **विपक्षी :– राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू.रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 04/19**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.01.2020 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। राजपेरोकार द्वारा उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाने पर कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। उभय पक्षकारान को सुना गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का नाम गोपाल पिता नानालाल ब्राहम्ण गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार मावली द्वारा जवाब प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी सम्वत् 2072–75, जमाबन्दी सम्वत् 2069–72, विद्युत बिल, पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, अध्यक्ष नगरपालिका फतहनगर–सनवाड़ द्वारा जारी प्रमाण–पत्र दिनांक 11.01.2019 प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र दस्तावेज में प्रार्थी का नाम गोपाललाल पिता नानालाल पालीवाल अंकित है। उक्त प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रार्थी की जाति ब्राहम्ण के बजाय पालीवाल होना जाहिर आया हैं। राजपेरोकार द्वारा पालीवाल संशोधन में कोई आपत्ति जाहिर नहीं की हैं। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर प्रार्थी की जाति राजस्व रेकार्ड में गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जात है कि मौजा चंगेडी पटवार हल्का चंगेडी की आराजी नम्बर 534 किता 1 रकबा 3 बीघा 1 बिस्वा एवं मौजा फतहनगर की आराजी नम्बर 435 किता 1 रकबा 14 बिस्वा भूमि में खातेदार गोपाललाल पिता नानालाल **ब्राहम्ण** के बजाय गोपाललाल पिता नानालाल **पालीवाल** संशोधन किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो । निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(अक्षय गोदारा IAS)** **सहायक कलक्टर** **(SDO)मावली**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Akshay Godara
Date: 2020.02.12 12:41:24 IST
Reason: SelfAttested